Navbharat, Nagpur, Sep 01 2012

सेंटर प्वाइंट बना TCS IT क्विज का चैम्पियन

व्यापार प्रतिनिधि

नागपुर. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा डा. वसंतराव देशपांडे हाल में आयोजित टीसीएस आईटी क्विज 2012 को नागपुर में अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ. प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के 1400 से अधिक छात्रों ने

भाग लिया. टीसीएस आईटी क्विज देश का सबसे बड़ा इंटर स्कूल आईटी क्विज है. प्रारंभिक राउंड और सवाल-जवाब एवं तीव्र फाइनल राउंड के बाद सेंटर प्वाइंट स्कूल, काटोल रोड के परितोष कान्हे व अनिरुद्ध विजेता बने. उन्हें विजेता ट्राफी और गैलेक्सी नोट प्रदान किया गया. डी.पी.एस. स्कूल के अभिषेक अंबुलकर व अबू बकर सी. बेहद कम अंकों से विजेता से पिछड़ गये और रनरअप बने. इस अवसर पर विजेताओं को मुख्य अतिथि वीएनआईटी के डीन डा. आर.के. इंगले एवं वाइस प्रेसीडेंट एवं सेंटर प्रमुख, टीसीएस के चैतन्य साठे द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया.